2024
ANNUAL
CURRENT AFFAIRS QUIZ

यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स

Question & Answer
POINT TO POINT

# 2024 वार्षिकी करेंट अफेयर्स

# क्विज Quiz

राष्ट्रीय | अन्तर्राष्ट्रीय | आर्थिक | खेल
विज्ञान प्रौद्योगिकी | संक्षिप्तिकी | राज्य विशेष | उ.प्र. विशेष
केन्द्रीय अंतरिम बजट 2024-25 | उत्तर प्रदेश बजट 2024-25

1 जनवरी 2023 से 20 फरवरी 2024 तक के महत्त्वपूर्ण करेंट अफेयर्स के प्रश्नों का विस्तृत व्याख्या सहित हल एवं तथ्यों (FACTS) का समावेश

# वार्षिकी-2024

# करेण्ट अफेयर्स

**प्रधान संपादक**
आनन्द कुमार महाजन

**सम्पादकीय कार्यालय**
12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002
मो. : 9415650134
Email : yctap12@gmail.com
website : www.yctbooks.com/www.yctfastbook.com
© All Rights Reserved with Publisher

**प्रकाशन घोषणा**
प्रधान सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने E:Book by APP YCT BOOKS, प्रयागराज से मुद्रित करवाकर, वाई.सी.टी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि., 12, चर्च लेन, प्रयागराज के लिए प्रकाशित किया।

इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी किसी त्रुटि के लिए आपका सुझाव एवं सहयोग सादर अपेक्षित है।

**किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।**

# विषय-सूची


■ **राष्ट्रीय परिदृश्य**........ **3-42**

❍ उच्चतम न्यायालय ने चुनावी बांड योजना को असंवैधानिक घोषित किया ❍ वर्ष 2024 में भारत रत्न से सम्मानित व्यक्ति ❍ समान नागरिक संहिता विधेयक पास करने वाला पहला राज्य ❍"APAAR" आईडी कार्ड ❍ यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची के लिए भारत ने 12 किलों को नामांकित किया ❍ अयोध्या में राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा ❍ एशिया के सबसे बड़े एविएशन एक्सपो 'विंग्स इंडिया-2024' का उद्घाटन ❍ असम राइफल्स मुख्यालय में साइबर सिक्युरिटी ऑपरेशन्स सेंटर (CSOC) का उद्घाटन ❍ स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार-2023 ❍ भारत के सबसे लंबे पुल 'अटल बिहारी वाजपेयी सेवरी-न्हावा शेवा अटल सेतु' का उद्घाटन ❍ राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2023 ❍ 10वां वाइब्रेंट गुजरात समिट-2024 ❍ भारत की पहली स्वस्थ और स्वच्छ फूड स्ट्रीट "प्रसादम" ❍ भारत के पहले पूर्ण बालिका सैनिक स्कूल का उद्घाटन

■ **अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य**........ **43-68**

❍ अबूधाबी में पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन ❍ वैश्विक भ्रष्टाचार बोध सूचकांक-2023 ❍ भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ ❍ अलेक्जेंडर स्टब फिनलैंड के राष्ट्रपति ❍ वर्ल्ड डिफेंस शो - 2024 ❍ विश्व सरकार शिखर सम्मेलन, 2024❍ इंडोनेशिया के नए राष्ट्रपति ❍ गुट निरपेक्ष आंदोलन (NAM) का 19वाँ शिखर सम्मेलन ❍ विश्व आर्थिक मंच की 54वीं बैठक ❍ यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति का 46वाँ सत्र ❍ शेख हसीना ने पांचवीं बार ली बांग्लादेश के प्रधानमंत्री के पद की शपथ ❍ फ्रेडरिक X डेनमार्क के नये सम्राट ❍ जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक ❍ मानव स्वतंत्रता सूचकांक- 2023 ❍ विश्व डिजिटल प्रतिस्पर्धात्मकता रैंकिंग ❍ क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स : एशिया 2024

■ **आर्थिक परिदृश्य**........ **69-93**

❍ जर्मनी विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था ❍ दिसंबर, 2023 में भारत की बेरोजगारी दर 8.7% रही ❍ कच्चा इस्पात उत्पादन में भारत का स्थान ❍ विदेशी ऋण का अनुमान (दिसंबर अंत 2023) ❍ IMF द्वारा भारत के विकास दर का अनुमान ❍ 27वें डब्ल्यूएआईपीए विश्व निवेश सम्मेलन 2023 का आयोजन ❍ प्रवासन एवं विकास रिपोर्ट 2023 के अनुसार सर्वाधिक रेमिटेंस प्राप्त करने वाला देश

■ **विज्ञान प्रौद्योगिकी**........ **94-114**

❍ तीन INS एक साथ सेवामुक्त ❍ देश के पहले नामांकित तीन वेटलैंड शहर ❍ 'जलवायु सम्मेलन 2024' ❍ दृष्टि 10 स्टारलाइनर ड्रोन ❍ चीन ने समंदर में खड़े जहाज से रॉकेट लाँच किया ❍ 9वां भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (IISF)-2023 ❍ XPoSAT (X-Ray Polarimeter Satellite) उपग्रह का सफल प्रक्षेपण

■ **संक्षिप्तिकी**........ **115-177**

❍ सर्वाधिक समय तक अंतरिक्ष में रहने का विश्व रिकॉर्ड ❍ डॉ. प्रभा अत्रे का निधन ❍ महाराष्ट्र की पहली महिला पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ❍ नदिया कैल्विनों बनी यूरोपीय निवेश बैंक (EIB) की पहली महिला प्रमुख ❍ एशियाई विकास बैंक (ADB) में कार्यकारी निदेशक नियुक्त ❍ 58वां ज्ञानपीठ पुरस्कार ❍ नोएडा प्राधिकरण को जल योद्धा (water warrior) पुरस्कार ❍ पद्म पुरस्कार-2024 ❍ इंडियन ऑफ द ईयर अवॉर्ड-2023 ❍ राष्ट्रीय खेल पुरस्कार, 2023 की घोषणा ❍33 वां व्यास सम्मान -2023 ❍ लीफ इरिक्सन लूनर पुरस्कार-2023 ❍ विश्व आर्द्रभूमि दिवस-2024 ❍ विश्व खाद्य दिवस-2023 ❍ बहुराष्ट्रीय अभ्यास 'मिलन-24' ❍ अभ्यास वायुशक्ति-2024 ❍ पुस्तक 'Let's Move Forward'❍ "भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो' प्रदर्शनी का आयोजन

■ **राज्य विशेष**........ **178-185**

❍ सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला 2024 ❍ "काजी नेमू" असम का राज्य फल ❍ बिहार जातिगत गणना-2023 ❍ मुख्यमंत्री लाडली बहना आवास योजना

■ **उत्तर प्रदेश**........ **186-191**

❍ लेक क्वीन क्रूज सेवा का उद्घाटन ❍ नौसेना शौर्य संग्रहालय निर्माण परियोजना का शिलान्यास ❍ मिशन महिला सारथी का शुभारंभ

■ **खेल परिदृश्य**........ **192-208**

❍ खेलो इण्डिया शीतकालीन खेल 2024 ❍ ICC अंडर -19 क्रिकेट वर्ल्ड कप - 2024 ❍ खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2024 ❍ आईसीसी अवॉर्ड 2023 ❍ "दी बीच गेम्स-2024" ❍ पहला खेलों इंडिया पैरा गेम्स-2023 ❍ भारत की तीसरी महिला ग्रैंडमास्टर

# राष्ट्रीय

**1. फरवरी, 2024 उच्चतम न्यायालय ने चुनावी बांड को असंवैधानिक करार दिया । इस संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिए-**

**1. यह फैसला मुख्य न्यायाधीश डीवाई चन्द्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात-जजों की पीठ द्वारा किया गया।**

**2. पीठ ने कहा कि चुनावी बांड योजना संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (अ) के तहत प्रदत्त मतदाताओं के सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है।**

**नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 एवं 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

उत्तर–**(b)**

## उच्चतम न्यायालय ने चुनावी बांड योजना को असंवैधानिक घोषित किया

❖ **घोषणा तिथि :** 15 फरवरी, 2024
❖ **घोषणा किया गया :** मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली 5 सदस्यीय पीठ द्वारा
❖ **पीठ मे शामिल न्यायाधीश :** मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति -संजीव खन्ना, बीआर गवई, जेबी पारदीवाला, मनोज मिश्रा
❖ **पीठ की घोषणा-**

- चुनावी बांड योजना संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (अ) के तहत प्रदत्त मतदाताओं के सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है।
- 15 दिन की वैधता वाले बिना भुनाए गए चुनावी बांडो को राजनीतिक दल खरीदारों को वापस करेंगे।
- एसबीआई (SBI) को चुनावी बांड का ब्योरा 6 मार्च 2024 तक चुनाव आयोग को उपलब्ध कराना होगा।
- एसबीआई से विवरण मिलने के बाद चुनाव आयोग को 13 मार्च, 2024 तक सूचना को सार्वजनिक करना होगा।
- पीठ ने चुनावी बांड खरीदने वाले व्यक्तियों या कंपनियो की जानकारी गुप्त रखने के लिए कंपनी कानून, भारतीय रिजर्व बैंक कानून, जनप्रतिनिधित्व कानून और आयकर कानून में किए गए संशोधनों को भी निरस्त कर दिया।

❖ **अन्य महत्वपूर्ण तथ्य-**

- उच्चतम न्यायालय ने अपने फैसले में राजनीतिक दलों की वर्ष 2017-2018 से 2022-2023 तक की आडिट रिपोर्ट का हवाला दिया है।
- इस अवधि में भाजपा को सर्वाधिक 6566.14 करोड़ रूपये, कांग्रेस को 1123.3 करोड़ रूपये और तृणमूल कांग्रेस को 1092.98 करोड़ रूपये प्राप्त हुए।
- वर्ष 2017 में केंद्र सरकार ने चुनावी बांड योजना को वित्त विधेयक के जरिए संसद में पेश किया था। संसद से पास होने के बाद 29 जनवरी, 2018 को इस योजना को अधिसूचित किया गया।
- इस योजना के विरूद्ध उच्चतम न्यायालय में कॉमन काज, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रटिक रिफॉर्म्स (ADR), सीपीएम और कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने याचिकायें डाली थी।
- चुनावी बांड योजना के तहत भारतीय नागरिक एवं कंपनियाँ भारतीय स्टेट बैंक (SBI) से एक हजार, 10 हजार, एक लाख, 10 लाख और एक करोड़ रूपये के गुणांक के रूप में बांड खरीदकर राजनीतिक दलों को चंदा दे सकती है, जिसे राजनीतिक दलों द्वारा 15 दिन के अंदर भुनाया जा सकता है।

**2. वर्ष 2024 में निम्नलिखित में से किसे भारत रत्न से सम्मानित नहीं किया गया?**

(a) कर्पूरी ठाकुर (b) लाल कृष्ण आडवाणी
(c) चौधरी चरण सिंह (d) सी.एन.आर.राव.

उत्तर–**(d)**

## वर्ष 2024 में भारत रत्न से सम्मानित व्यक्ति

❖ **वर्ष 2024 में भारत रत्न से सम्मानित व्यक्ति :** 1. कर्पूरी ठाकुर, 2. लाल कृष्ण आडवानी, 3. चौधरी चरण सिंह, 4. पी. वी. नरसिंहा राव और 5. एम. एस. स्वामीनाथन
❖ **भारत रत्न से सम्मानित कुल व्यक्ति :** 53

### कर्पूरी ठाकुर

**जन्म-** 24 जनवरी, 1924
**जन्म स्थान-** समस्तीपुर के पितौझिया (अब कर्पूरीग्राम) में
**पहली बार विधानसभा चुनाव जीतें -** वर्ष 1952 में (ताजपुर निर्वाचन क्षेत्र से सोशलिस्ट पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर)
**बिहार के उपमुख्यमंत्री रहे -** एक बार (मार्च 1967 - जनवरी 1968)
**बिहार के मुख्यमंत्री रहे -** दो बार (दिसंबर 1970 से जून 1971 तक; जून 1977 से अप्रैल 1979 तक)
**प्रचलित नाम -** जननायक
**मृत्यु -** 17 फरवरी, 1988
कर्पूरी ठाकुर भारत रत्न से सम्मानित होने वाले 49वें व्यक्ति होंगे।

❖ **कर्पूरी ठाकुर से सम्बन्धित अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु :**

- कर्पूरी ठाकुर को भारत छोड़ो आन्दोलन में भागीदारी के लिए 26 माह की जेल हुयी।
- वह प्रारम्भ में अपने गाँव में एक शिक्षक के रूप में काम किए।

- उन्होंने सोशलिस्ट पार्टी का प्रतिनिधित्व किया।
- बिहार के पहले गैर कांग्रेसी मुख्यमंत्री बनने से पहले कर्पूरी ठाकुर ने राज्य के शिक्षामंत्री के रूप में कार्य किया।
- शिक्षामंत्री के रूप में वह मैट्रिक में अंग्रेजी को अनिवार्य विषय से हटा दिया।
- वह राज्य के मुख्यमंत्री बने तो शराब पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगा दिए।
- मुख्यमंत्री के रूप में वह बिहार में सरकारी नौकरियों में पिछड़े वर्गों के लिए 26 प्रतिशत आरक्षण की शुरुआत किए।
- 5 एकड़ से कम जोत पर मालगुजारी खत्म कर दी।
- जिन खेतों से किसानों को कोई मुनाफा नहीं होता था उन खेतों पर मालगुजारी खत्म कर दी गई।
- कर्पूरी ठाकुर ने उर्दू को राज्य की दूसरी राजकीय भाषा का दर्जा देने का काम किया।

## चौधरी चरण सिंहः

- ❖ **जन्म :** 23 दिसम्बर, 1902 (हापुड़, मेरठ)
- ❖ **मृत्यु :** 29 मई, 1987
- ❖ **सम्बधिंत पार्टी :** जनता पार्टी
- ❖ **प्रधानमंत्री रहे :** वर्ष 1979 से 1980
- ❖ **उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे :** 1967 से 1968 तक
- ❖ **केन्द्रीय गृह मंत्री रहेः** वर्ष 1977 से 1978 तक
- ❖ **केन्द्रीय वित्त मंत्री रहे :** जनवरी 1979 से जुलाई 1979
- ❖ **किसान दिवस :** 23 दिसम्बर (चौधरी चरण सिंह की जयंती)

## पामुलापार्थी वेंकट ( पी.वी. ) नरसिंम्हा रावः

- ❖ **जन्म :** 28 जून 1921 (वर्तमान तेलंगाना)
- ❖ **मृत्यु :** 23 दिसम्बर, 2004
- ❖ **सम्बन्धित पार्टी :** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
- ❖ **प्रधानमंत्री रहे :** वर्ष 1991 से 1996 तक
- ❖ **रक्षा मंत्री रहे :** दिसम्बर 1984 से सितम्बर 1985 एवं मार्च 1993 से मई 1996
- ❖ **विदेश मंत्री रहे :** 1980-1984, 1988-1989, 1992-1994
- ❖ **गृहमंत्री रहे :** जुलाई 1984 से दिसम्बर 1984, मार्च 1986 से मई 1986

## मनकोम्बु संबासिवन ( एम. एस. ) स्वामीनाथनः

- ❖ **जन्म :** 7 अगस्त, 1925 (तंजपुर, तमिलनाडु)
- ❖ **मृत्यु :** 28 सितम्बर, 2023
- ❖ **राज्य सभा के सदस्य रहे :** वर्ष 2007 से 2013 तक
- ❖ **एम.एस. स्वामीनाथन :** भारत में हरित क्रांति के जनक
- ❖ **प्रदत्त पुरस्कार :** शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार (1961), रेमन मैग्सेसे पुरस्कार (1971), अल्बर्ट आइंस्टीन विश्व विज्ञान पुरस्कार (1986), पद्म श्री (1967), पद्म भूषण (1972), पद्म विभूषण (1986)

## लाल कृष्ण आडवाणी

- ❖ **जन्म :** 8 नवंबर, 1927
- ❖ **जन्म स्थान :** कराची, पाकिस्तान
- ❖ **RSS से जुड़े :** वर्ष 1942 में (स्वयंसेवक के रूप में)
- ❖ **विभाजन के दौरान भारत आए :** 12 सितम्बर, 1947 से
- ❖ **लाल कृष्ण आडवाणी :**
  - जनसंघ दिल्ली इकाई के अध्यक्ष थे - वर्ष 1970 से 1972
  - जनसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे- वर्ष 1973 से 1977 तक
  - राज्यसभा के सदस्य रहे - चार बार (1970 से 1989)
  - लोकसभा के सदस्य रहे - सात बार (दिल्ली से पहली बार 1989 में एवं 1991, 1998, 1999,2004, 2009 और 2014 में गुजरात के गांधीनगर सीट से)
  - **उपप्रधामंत्री रहेः** 2002 से 2004 तक (अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार में)
  - गृहमंत्री रहे - वर्ष्ज्ञ 1999 से 2004 तक
  - सूचना प्रसारण मंत्री रहे - 1977 से 1979 तक मोरारजी देसाई की सरकार में।
  - भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे - वर्ष 1986-90, 1993-98 और 2004-05 तक
- ❖ **पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया :** वर्ष 2015 में

  **रथ यात्रा निकालीः** 25 सितंबर, 1990 को गुजरात के सोमनाथ से अयोध्या तक (बिहार के समस्तीपुर में 26 अक्टूबर, 1990 को आडवाणी को गिरफ्तार कर लिया गया।)
- ❖ **भारत रत्न :**

  **स्थापना -** 2 जनवरी, 1954 को

### भारत रत्न से सम्मानित व्यक्ति

| वर्ष | प्राप्तकर्ता |
|---|---|
| 1954 | सर्वपल्ली राधाकृष्णन, सी. वी. रमन, चक्रवर्ती राजगोपालाचारी |
| 1955 | डॉ. भगवान दास, जवाहरलाल नेहरू, डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया |
| 1957 | गोविंद वल्लभ पंत |
| 1958 | धोंदो केशव कर्वे |
| 1961 | पुरूषोत्तम दास टंडन, बिधान चंद्र राय |
| 1962 | डॉ. राजेन्द्र प्रसाद |
| 1963 | डॉ. जाकिर हुसैन, डॉ. पांडुरंग वामन काणे |
| 1966 | लाल बहादुर शास्त्री (प्रथम मरणोपरान्त पुरस्कार से सम्मानित व्यक्ति) |
| 1971 | इंदिरा गांधी |
| 1975 | वी. वी. गिरि |
| 1976 | के. कामराज (मरणोपरान्त) |
| 1980 | मदर टेरेसा |
| 1983 | आचार्य विनोबा भावे (मरणोपरान्त) |
| 1987 | खान अब्दुल गफ्फार खान |
| 1988 | एम. जी. रामचन्द्रन (मरणोपरान्त) |
| 1990 | डॉ. भीमराव अम्बेडकर (मरणोपरान्त), नेल्सन मंडेला |
| 1991 | राजीव गांधी (मरणोपरान्त), सरदार वल्लभभाई पटेल(मरणोपरान्त), मोरारजी देसाई |
| 1992 | सत्यजीत रे, जे. आर. डी. टाटा, मौलाना अबुल कलाम आजाद (मरणोपरान्त) |

| | |
|---|---|
| 1997 | डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम, अरुणा आसफ अली (मरणोपरान्त), गुलजारी लाल नंदा |
| 1998 | एम. एस. सुब्बुलक्ष्मी, सी सुब्रमण्यम |
| 1999 | जयप्रकाश नारायण (मरणोपरान्त), प्रो. अमर्त्य सेन, गोपीनाथ बारदोलोई (मरणोपरान्त), पंडित रविशंकर |
| 2001 | लता मंगेशकर, उस्ताद बिस्मिल्लाह खाँ |
| 2009 | पंडित भीमसेन जोशी |
| 2014 | प्रो. सी. एन. आर. राव, सचिन तेंदुलकर |
| 2015 | अटल बिहारी वाजपेयी, पंडित मदन मोहन मालवीय (मरणोपरान्त) |
| 2019 | प्रणव मुखर्जी, भूपेन हजारिका (मरणोपरान्त) नानाजी देशमुख (मरणोपरान्त) |

भारत रत्न, भारत का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है जो लोगों को जाति, लिंग, पद या व्यवसाय के भेदभाव के बिना किसी भी क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान के लिए दिया जाता है। इसके लिए भारत के प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रपति को सिफारिश की जाती है तथा यह पुरस्कार राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया जाता है।

**3. फरवरी, 2024 में समान नागरिक संहिता विधेयक (UCC) पास करने वाला पहला राज्य कौन बना?**

(a) असम (b) मणिपुर
(c) नागालैण्ड (d) उत्तराखण्ड

उत्तर–**(d)**

### समान नागरिक संहिता विधेयक पास करने वाला पहला राज्य

❖ **सम्बन्धित राज्य :** उत्तराखण्ड
❖ **विधेयक का नाम :** समान नागरिक संहिता, उत्तराखण्ड 2024 विधेयक
❖ **विधान सभा के पटल पर विधेयक रखा गया :** 6 फरवरी, 2024 को
❖ **प्रावधान:**
- उत्तराखण्ड के निवासियों पर लागू होगा चाहे उसका जाति या धर्म कोई भी हो।
- विवाह के लिए पुरूष की आयु 21वर्ष एवं स्त्री की आयु 18 वर्ष होना जरूरी।
- धार्मिक विधि से विवाह के बावजूद विवाह का पंजीकरण कराना अनिवार्य
- लिव-इन-रिलेशनशिप में रह रहे लोगों का घोषणा करना आवश्यक
- लिव-इन-रिलेशनशिप में पैदा हुए बच्चे को वैध बच्चा घोषित माना जाएगा।
- अनुसूचित जनजाति के लोगों पर लागू नहीं होगा।

❖ **संबंधित अनुच्छेद :** नीति निदेशक तत्व के अंर्तगत अनुच्छेद 44
❖ **उद्देश्य :** ऐसा कानून बनाना जो शादी, तलाक, भूमि, सम्पत्ति, विरासत और गोद लेने से जुड़े विषयों एवं सभी धर्मों पर लागू हो।
❖ **अन्य महत्वपूर्ण तथ्य:**
- गोवा समान नागरिक संहिता (पुर्तगाली नागरिक संहिता) द्वारा शासित है, परन्तु गोवा विधानसभा ने कोई कानून पारित नहीं किया है।

**4. फरवरी, 2024 में किस मंत्रालय ने "APAAR" आईडी कार्ड लांच किया?**

(a) गृह मंत्रालय (b) रक्षा मंत्रालय
(c) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (d) शिक्षा मंत्रालय

उत्तर–**(d)**

### "APAAR" आईडी कार्ड

❖ **लांच माह :** फरवरी, 2024
❖ **लांच कर्त्ता :** शिक्षा मंत्रालय
❖ **APAAR :** Automatic Permanent Academic Account Registry
❖ **उद्देश्य :** ''एक राष्ट्र, एक छात्र आईडी बनाना है।''
❖ **लांच का माध्यम :** कामन सर्विस सेंटर (CSCs) के माध्यम से
❖ **अन्य महत्वपूर्ण तथ्य:**
- छात्र abc.gov.in पर पंजीकरण करके अपनी APAAR आइडी प्राप्त कर सकते हैं।
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत किसी भी संस्थान या विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिये छात्रों को एबीसी आईडी प्रदान करनी होगी।
छात्रों को एक अस्थायी "APAAR" आईडी दी जाएगी जो उनके आधार और डिजिलॉकर से जुड़ी होगी।

**5. जनवरी, 2024 में यूनेस्को (UNESCO) की विश्व धरोहर सूची (2024-25) में शामिल करने के लिए भारत ने 'मराठा सैन्य परिदृश्य' के तहत कितने किलों को नामांकित किया है?**

(a) 8 (b) 10
(c) 12 (d) 14

उत्तर–**(c)**

### यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची के लिए भारत ने 12 किलों को नामांकित किया

❖ **नामांकित :** सांस्कृतिक स्थल श्रेणी के तहत
❖ **नामांकित 12 किले :** महाराष्ट्र में साल्हेर, शिवनेटी, लोहागढ़, खांडेरी, रायगढ़, प्रतापगढ़, सुवर्णदुर्ग, पन्हाला, विजयदुर्ग और सिंधु दुर्ग एवं तमिलनाडु में जिंजी।
❖ **अन्य महत्वपूर्ण तथ्य:**
- मराठा सैन्य परिदृश्य के 12 जिलों में से 8 भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) द्वारा संरक्षित है और 4 पुरातत्व और संग्रहालय निदेशक, महाराष्ट्र द्वारा संरक्षित हैं
- खांडेरी किला, सुवर्ण दुर्ग और सिंधुदुर्ग द्वीप किले हैं।
17वीं और 19वीं शताब्दी के मध्य विकसित ये किले मराठा शासकों की किलेबंदी और सैन्य प्रणाली का प्रतिनिधित्व करते हैं।

**6. अयोध्या में नव निर्मित राम मंदिर में स्थापित होने वाली मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा किस तिथि को सम्पन्न हुई?**

(a) 20 जनवरी, 2024
(b) 22 जनवरी, 2024
(c) 24 जनवरी, 2024
(d) 30 जनवरी, 2024

उत्तर–(b)

## अयोध्या में राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा

❖ **प्राण-प्रतिष्ठा की तिथि :** 22 जनवरी, 2024
❖ **प्राण-प्रतिष्ठाकर्ता :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी
❖ **कुल क्षेत्र :** 67.7 एकड़ में (मंदिर क्षेत्र : 2.77 एकड़)
❖ **मंदिर का आकार :** 108 मी. × 75 मी.× 49 मी.
❖ **मंदिर शिखर की कुल ऊँचाई :** 161 फिट
❖ **मंदिर में कुल तलों की संख्या :** 3
❖ **मंदिर के प्रधान वास्तुकार :** चन्द्रकांत सोमपुरा
❖ **निर्माण सामग्री में प्रयोग किया गया प्रमुख पत्थर :** बंशी पहाड़पुर (भरतपुर) गुलाबी बलुआ पत्थर, राजस्थान
❖ **रामलला की गर्भगृह में स्थापित होने वाली मूर्ति की ऊँचाई :** 51 इंच (4.24 फीट)
❖ **रामलला की कमल के फूल के आसन के साथ, ऊँचाई :** 8 फिट
❖ **रामलला की मूर्ति में प्रयुक्त पत्थर :** कृष्ण शिला
❖ **कृष्ण शिला की प्राप्ति का स्थान :** उडुपी, कर्नाटक
❖ **रामलला की मूर्ति का स्वरूप :** बालरूप (5 वर्ष), खड़ी मूर्ति
❖ **पुरानी मूर्ति :** इसको देश भर में सिद्ध मंदिरों में ले जाया जाएगा फिर इसकी नई मूर्ति के साथ प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी।
❖ **नई मूर्ति का नाम :** अचल (प्रस्तावित)
❖ **पुरानी मूर्ति का नाम :** उत्सवमूर्ति (प्रस्तावित)
❖ **रामलला की गर्भगृह में स्थापित होने वाली मूर्ति के मूर्तिकार :** अरुण योगीराज
❖ **अन्य दो रामलला की मूर्ति के मूर्तिकार :** गणेश भट्ट (बेंगलुरू) और सत्यनारायण पाण्डेय (राजस्थान)
❖ **अन्य दो मूर्तियों की स्थापना :** मंदिर के अन्य हिस्सों में
❖ **मंदिर का निर्माण करने वाली कंपनी :** लार्सन एंड टुब्रो
❖ **मंदिर निर्माण की शैली :** नागर
❖ **राम मंदिर का निर्माण और प्रबन्धन :** राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा
❖ **अभिषेक समारोह का संचालन :** वाराणसी के पुजारी लक्ष्मीकांत दीक्षित के नेतृत्व में
❖ **रामलला की मूर्ति डिजाइन विवरण :**
- भगवान गरुड़ की मूर्ति को बाएं पैर के पास और भगवान हनुमान की मूर्ति को दाहिने पैर के पास उकेरा गया है।
- मूर्ति के ऊपरी भाग में धार्मिक प्रतीक स्वास्तिक,ओम, चक्र, गदा और सूर्य भगवान को उत्कीर्ण किया गया है।

मूर्ति भगवान विष्णु के सभी दस अवतारों-

1. मत्स्य (मछली) 2. कूर्म (कछुआ)
3. वराह (सूअर) 4. नरसिम्हा (मानव-शेर)
5. वामन (बौना) 6. परशुराम (योद्धा)
7. राम (राजकुमार) 8. कृष्ण (चरवाहा)
9. बुद्ध (प्रबुद्ध) 10. कल्कि (भविष्य का अवतार) को प्रदर्शित करती है।

❖ **अन्य महत्त्वपूर्ण तथ्य :**
- 22 जनवरी, 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या राम मंदिर परिसर में ''जटायु'' की एक मूर्ति का अनावरण किया।
- राम मंदिर के अलावा सूर्यदेव, देवी भगवती, गणेश भगवान, भगवान शिव, माँ अन्नपूर्णा और हनुमान के कुल 6 मंदिर होंगे।
- मूर्ति का वजन लगभग 200 किग्रा है।

**7. जनवरी, 2024 में एशिया के सबसे बड़े एविएशन एक्सपो-विंग्स इंडिया 2024 का उद्घाटन कहाँ पर किया गया?**

(a) जयपुर (b) हैदराबाद
(c) सूरत (d) अहमदाबाद

उत्तर–(b)

## एशिया के सबसे बड़े एविएशन एक्सपो 'विंग्स इंडिया-2024' का उद्घाटन

❖ **उद्घाटन तिथि :** 18 जनवरी, 2024
❖ **उद्घाटनकर्ता :** केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया
❖ **उद्घाटन स्थल :** बेगमपेट हवाई अड्डा, हैदराबाद
❖ **विषय ( थीम ) :** अमृत काल में भारत को विश्व से जोड़ना : भारत नागर विमानन @ 2047 के लिए मंच तैयार करना
❖ **अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु :**
- इस अवसर पर उड़ान 5.3 का शुभारंभ एवं जीएमआर स्कूल ऑफ एविएशन का उद्घाटन किया गया।
- आने वाले वर्षों में 10000 पायलटों को प्रशिक्षित करने के लिए गुरुग्राम में एक उड़ान प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की जाएगी।

**8. जनवरी, 2024 में किसने शिलांग के लैटकोर स्थित असम राइफल्स मुख्यालय में साइबर सिक्युरिटी ऑपरेशन्स सेंटर (CSOC) का उद्घाटन किया?**

(a) नरेन्द्र मोदी ने (b) अमित शाह ने
(c) राजनाथ सिंह ने (d) द्रौपदी मुर्मू ने

उत्तर–(b)

## असम राइफल्स मुख्यालय में साइबर सिक्युरिटी ऑपरेशन्स सेंटर (CSOC) का उद्घाटन

❖ **उद्घाटन तिथि :** 18 जनवरी, 2024
❖ **उद्घाटन स्थल :** शिलांग (मेघालय) के लैटकोर स्थित असम राइफल्स के मुख्यालय में

❖ **उद्घाटनकर्ताः** अमित शाह (केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री)
❖ **उद्घाटित सेंटर :** साइबर सिक्युरिटी ऑपरेशन्स सेंटर (CSOC)
❖ **सेंटर की उपयोगिता :** साइबर सिक्युरिटी ऑपरेशन्स सेंटर नेटवर्क वास्तविक समय के आधार पर निगरानी, बाहरी खतरों को कम करने और असम राइफल्स वाइड एरिया नेटवर्क (ARWAN) में साइबर उल्लंघनों की रोकथाम कर बल की साइबर सुरक्षा स्थिति को मजबूत करेगा।
❖ **असम राइफल्स :**
- स्थापना - वर्ष 1835 में
- मुख्यालय - शिलांग, मेघालय

**9. जनवरी, 2024 में 'स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार 2023' प्रदान किए गए। सबसे स्वच्छ शहर का प्रथम पुरस्कार किसे प्रदान किया गया?**

(a) इंदौर (b) सूरत
(c) (a) व (b) दोनों को (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर–(c)**

## स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार - 2023

❖ **पुरस्कार प्रदान तिथि :** 11 जनवरी, 2024
❖ **प्रदानकर्त्ताः** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू (भारत मंडपम, नई दिल्ली में)
❖ **संस्करण :** 8वाँ
❖ **प्रथम संस्करण :** वर्ष - 2016 में
❖ **संबंधित मंत्रालय :** आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार
❖ **पुरस्कार विजेता :**
- सबसे स्वच्छ शहर -

| | |
|---|---|
| 1 | इंदौर (मध्य प्रदेश) एवं सूरत (गुजरात) |
| 3 | नवी मुम्बई (महाराष्ट्र) |
| 4 | विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश) |
| 5 | भोपाल (मध्य प्रदेश) |
| 6 | विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश) |
| 7 | नई दिल्ली (दिल्ली) |
| 8 | तिरुपति (आंध्र प्रदेश) |
| 9 | ग्रेटर हैदराबाद (तेलंगाना) |
| 10 | पुणे (महाराष्ट्र) |

- एक लाख से कम आबादी श्रेणी में सबसे स्वच्छ शहर-

| | |
|---|---|
| 1 | सासवड़ (महाराष्ट्र) |
| 2 | पाटन (छत्तीसगढ़) |
| 3 | लोनावला (महाराष्ट्र) |
| 4 | कराड (महाराष्ट्र) |
| 5 | पंचगनी (महाराष्ट्र) |

- सबसे स्वच्छ गंगा शहर -

| | |
|---|---|
| 1 | वाराणसी (उत्तर प्रदेश) |
| 2 | प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) |
| 3 | बिजनौर (उत्तर प्रदेश) |
| 4 | हरिद्वार (उत्तराखंड) |
| 5 | कन्नौज (उत्तर प्रदेश) |

- सबसे स्वच्छ छावनी बोर्ड - महू छावनी बोर्ड, मध्य प्रदेश
- सबसे सफाई मित्र सुरक्षित शहर - चंडीगढ़
- सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वाले राज्य -

| | |
|---|---|
| 1 | महाराष्ट्र |
| 2 | मध्य प्रदेश |
| 3 | छत्तीसगढ़ |
| 4 | ओडिशा |
| 5 | तेलंगाना |

❖ **अन्य महत्वपूर्ण तथ्य :**
- स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में 4477 शहरों का आकलन किया गया है, जिसमें 61 छावनी और 88 गंगा किनारे बसे शहरों को शामिल किया गया है।
- इंदौर ने लगातार सातवें वर्ष शीर्ष स्थान प्राप्त किया जबकि सूरत ने पहली बार यह सम्मान प्राप्त किया है।
- उत्तर प्रदेश को 651 शहरी स्थानीय निकायों में स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत कुल 6 पुरस्कार प्राप्त हुए।
- उत्तर प्रदेश को राज्य श्रेणी में 9 वां स्थान प्राप्त हुआ।
- **उत्तर प्रदेश में कचरा मुक्त शहरों की स्टार रेटिंग प्रोटोकाल में-**
  - **1 स्टार प्राप्त-** 57, **3 स्टार** प्राप्त- **9 एवं 5 स्टार** प्राप्त- एक
  - **5 स्टार रेटिंग -** नोएडा
  - **3 स्टार रेटिंग-** (1) आगरा कैंट (2) गाजियाबाद (3) अलीगढ़ (4) वाराणसी (5) लखनऊ (6) फिरोजाबाद (7) कानपुर (8) गोरखपुर (9) झांसी
- सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों की सूची में बिहार ने 15वां स्थान प्राप्त किया है।
- वर्तमान समय में भारत में अपशिष्ट प्रसंस्करण की दर 76% है जो 2014 में 15 से 16% था।

**10. जनवरी, 2024 में अटल बिहारी वाजपेयी सेवरी-न्हावा शेवा अटल सेतु का उद्घाटन किया गया, इस सेतु की लंबाई कितनी है?**

(a) 15.8 किमी (b) 20.7 किमी
(c) 16.7 किमी (d) 21.8 किमी

**उत्तर–(d)**

## भारत के सबसे लंबे पुल 'अटल बिहारी वाजपेयी सेवरी-न्हावा शेवा अटल सेतु' का उद्घाटन

❖ **उद्घाटन तिथिः** 12 जनवरी, 2024
❖ **उद्घाटनकर्ता :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी
❖ **उद्घाटन स्थल :** नवी मुंबई, महाराष्ट्र
❖ **लागत :** 17840 करोड़ रुपये से अधिक
❖ **लंबाई :** लगभग 21.8 किमी. (समुद्र में लगभग 16.5 किमी. लंबा एवं जमीन पर लगभग 5.5 किमी. लंबा)
❖ **लेन की संख्या :** 6 लेन पुल
❖ **अन्य महत्वपूर्ण तथ्य :**
- इस पुल का शिलान्यास 2016 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया था।

- यह भारत का सबसे लंबा पुल तथा भारत का सबसे लंबा समुद्री पुल भी है।
- यह मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे और नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को तेज कनेक्टिविटी प्रदान करेगा और मुंबई से पुणे, गोवा और दक्षिण भारत की यात्रा के समय को भी कम करेगा।

**11. जनवरी, 2024 में 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन कहाँ किया गया?**

(a) हुबली (कर्नाटक) (b) नासिक (महाराष्ट्र)
(c) भोपाल (मध्य प्रदेश) (d) हैदराबाद (तेलंगाना)

उत्तर–(b)

### राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2023

❖ **आयोजन अवधि :** 12-16 जनवरी, 2024
❖ **आयोजन स्थल :** नासिक, महाराष्ट्र
❖ **उद्घाटनकर्ता :** नरेन्द्र मोदी (भारत के प्रधानमंत्री)
❖ **थीम :** विकसित भारत@2047- युवाओं के लिए, युवाओं के द्वारा
❖ **संस्करण :** 27वाँ
❖ **अन्य महत्वपूर्ण तथ्य :** स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी को प्रति वर्ष राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

**12. जनवरी, 2024 में 10वें 'वाइब्रेंट गुजरात समिट 2024'' का आयोजन भारत के किस शहर में किया गया?**

(a) अहमदाबाद (b) गांधीनगर
(c) पुणे (d) जयपुर

उत्तर–(b)

### 10वां वाइब्रेंट गुजरात समिट-2024

❖ **उद्घाटन अवधि:** 10-12 जनवरी, 2024
❖ **उद्घाटन स्थल :** गांधीनगर के गिफ्ट सिटी में
❖ **संस्करण:** 10वां
❖ **उद्घाटनकर्ता:** नरेन्द्र मोदी (भारत के प्रधानमंत्री)
❖ **वर्ष 2024 की थीम :** ''गेटवे टू द फ्यूचर''
❖ **भागीदारी :** अतिथि देश के तौर पर 100 देशों और साझेदार के तौर पर 33 देशों की भागीदारी रही।
❖ **विशेष :** यह देश में अब तक सबसे बड़ा वैश्विक व्यापार सम्मेलन है।

**13. जनवरी, 2024 में भारत की पहली स्वस्थ और स्वच्छ फूड स्ट्रीट ''प्रसादम'' का उद्घाटन भारत के किस शहर में किया गया?**

(a) पुणे (b) उज्जैन
(c) वाराणसी (d) लखनऊ

उत्तर–(b)

### भारत की पहली स्वस्थ और स्वच्छ फूड स्ट्रीट ''प्रसादम''

❖ **उद्घाटन तिथि:** 7 जनवरी, 2024
❖ **उद्घाटन स्थल :** उज्जैन, (नीलकंठ वन, महाकाल लोक)
❖ **उद्घाटनकर्ता:** मनसुख मंडाविया (केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री)
❖ **प्रसादम की विशेषताएं:** 17 दुकानों के साथ 939 वर्गमीटर में फैला प्रसादम महाकालेश्वर मंदिर के दैनिक आगंतुकों के लिए भोजन का विकल्प प्रदान करता है। प्रसादम में बच्चों के खेलने का क्षेत्र, पीने के पानी की सुविधा, सीसीटीवी निगरानी, पार्किंग, सार्वजनिक सुविधाएं और बैठने की जगह शामिल है।

**14. जनवरी, 2024 में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा भारत के पहले पूर्ण बालिका सैनिक स्कूल का उद्घाटन कहाँ पर किया गया?**

(a) मथुरा (b) गाजियाबाद
(c) वाराणसी (d) चित्रकूट

उत्तर–(a)

### भारत के पहले पूर्ण बालिका सैनिक स्कूल का उद्घाटन

❖ **उद्घाटन तिथि :** 1 जनवरी, 2024
❖ **उद्घाटन स्थल :** मथुरा जिले के वृन्दावन में
❖ **बालिका सैनिक स्कूल का नाम :** संविद् गुरुकुलम् गर्ल्स सैनिक स्कूल
❖ **स्कूल की क्षमता :** लगभग 870 छात्राओं की
❖ **यह स्कूल संबद्ध होगा :** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) से

**15. दिसंबर, 2023 में भारत के पहले ''साइबर सुरक्षा केन्द्र'' का उद्घाटन कहाँ किया गया?**

(a) भुवनेश्वर (b) गांधीनगर
(c) लद्दाख (d) चंडीगढ़

उत्तर–(d)

### भारत का पहला साइबर सुरक्षा केन्द्र

❖ **उद्घाटन तिथि :** 22 दिसंबर, 2023
❖ **उद्घाटनकर्ता :** अमित शाह (केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री)
❖ **उद्घाटन स्थल :** चंडीगढ़ (साइबर सुरक्षा केन्द्र सेन्टर 18 स्थित वायुसेना हेरिटेज सेंटर कैंपस)
❖ **कुल लागत :** 90 करोड़
❖ **अन्य महत्वपूर्ण तथ्य:**
- इस केन्द्र को सेनकोप्स (CenCops) के नाम से भी जाना जाता है।
- संचालन के पहले तीन वर्षों के दौरान, DRPO इसका प्रबंधन करेगा।

❖ **साइबर सुरक्षा केन्द्र में सुविधाएँ :**
- चेहरे की पहचान डेटा विश्लेषण
- पुर्वानुमानित पुलिसिंग
- साक्ष्य एकत्रीकरण
- उन्नत फारेंसिक जांच आदि।

**16. सितंबर, 2023 में किस रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर शहीद तुषार महाजन रेलवे स्टेशन करने की अधिसूचना जारी की गई?**

(a) ऊधमपुर रेलवे स्टेशन (b) नालंदा रेलवे स्टेशन
(c) नजीबाबाद रेलेवे स्टेशन (d) कटड़ा रेलवे स्टेशन

उत्तर–(a)

### उधमपुर रेलवे स्टेशन का नाम अब शहीद कप्तान तुषार महाजन रेलवे स्टेशन

❖ **औपचारिक अधिसूचना तिथि :** 16 सितंबर, 2023
❖ **जारीकर्त्ता :** भारतीय रेलवे
❖ **स्टेशन का परिवर्तित नाम :** शहीद कप्तान तुषार महाजन रेलवे
❖ **स्टेशन का पूर्व नाम :** उधमपुर रेलवे स्टेशन

**17. सितंबर, 2023 में किस राज्य ने अपने दो जिलों ''औरंगाबाद और उस्मानाबाद'' के नाम को परिवर्तित किया है?**

(a) महाराष्ट्र (b) झारखंड
(c) ओडिशा (d) मध्य प्रदेश

उत्तर–(a)

### ''औरंगाबाद'' और ''उस्मानाबाद'' का नाम परिवर्तित

- **औपचारिक अधिसूचना जारी तिथि :** 15 सितंबर, 2023
- **अधिसूचना जारीकर्त्ता राज्य :** महाराष्ट्र
- **जिलों का परिवर्तित नाम :** छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद का), धाराशिव (उस्मानाबाद का)

**18. दिसंबर, 2023 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किस किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया?**

(a) राजकोट किला (b) शिवनेरी किला
(c) जिंजी का किला (d) सिंहगढ़ किला

उत्तर–(a)

### प्रधानमंत्री ने शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया

- **अनावरण तिथि:** 4 दिसंबर, 2023 (नौसेना दिवस के अवसर पर)
- **अनावरण स्थल :** महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग स्थित राजकोट किले में
- **अनावरित प्रतिमा :** छत्रपति शिवाजी महाराज की
- **अनावरणकर्ता :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**19. दिसंबर, 2023 में भारत सरकार ने किस संगठन को विधि विरुद्ध संगठन घोषित किया?**

(a) इस्लाम-ए-मजलिस (b) तहरीक-ए-इस्लाम
(c) तहरीक-ए-हुर्रियत, जम्मू एंड कश्मीर (TeH)
(d) इंडियन-ए-मुहम्मडन

उत्तर–(c)

### 'तहरीक-ए-हुर्रियत, जम्मू एंड कश्मीर (TeH)' विधि विरुद्ध संगठन घोषित

- **घोषणा तिथि :** 31 दिसंबर, 2023
- **घोषणाकर्ता :** गृह मंत्रालय, भारत सरकार
- **कानून के तहत :** विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम (UPPA), 1967 की धारा 3 (1) के तहत
- **कारण :**
  - जम्मू-कश्मीर में अलगाववाद को बढ़ावा देने के लिए आतंकवाद और भारत विरोधी प्रचार को बढ़ावा देना।
  - भारत की संप्रभुता, सुरक्षा और अखंडता के प्रतिकूल कार्य करना
- **अन्य महत्वपूर्ण तथ्य:**
  - अक्टूबर, 2023 में भारत सरकार ने जम्मू एंड कश्मीर डेमोक्रेटिव फ्रीडम पार्टी (JKDFP) को राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहने के कारण 'विधिविरुद्ध संगठन' घोषित किया था।

**20. दिसंबर, 2023 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवनिर्मित अयोध्या हवाई अड्डे का उद्घाटन किया, इस हवाई अड्डे का क्या नाम रखा गया है?**

(a) श्री राम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा
(b) राजा दशरथ अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा
(c) अयोध्या धाम अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा
(d) महर्षि वाल्मीकि अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा

उत्तर–(d)

### महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का लोकार्पण

- **लोकार्पण तिथि :** 30 दिसंबर, 2023
- **लोकार्पणकर्ता :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी
- **लोकार्पित हवाई अड्डा :** महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, अयोध्या
- **अन्य महत्वपूर्ण तथ्य:**
  - यह अत्याधुनिक हवाई अड्डा लोगों को अयोध्या धाम और दिव्य-भव्य राम मंदिर से जोड़ेगा।
  - पहले चरण में हवाई अड्डे की सालाना क्षमता 10 लाख यात्रियों की है।
  - दूसरे चरण के बाद इसकी सालाना क्षमता 60 लाख यात्रियों की हो जायेगी।
  - हवाई अड्डे के टर्मिनल भवन का क्षेत्रफल 6500 वर्गमीटर है।
  - टर्मिनल भवन का अग्रभाग अयोध्या के निर्माणाधीन श्री राम मंदिर की वास्तुकला को दर्शाता है।
  - इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने पुनर्विकसित अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया।
  - साथ ही दो नई 'अमृत भारत ट्रेनों' (दरभंगा-अयोध्या-आनंद विहार टर्मिनल अमृत भारत एक्सप्रेस और मालदा टाउन-सर एम.विश्वेश्वरैया टर्मिनस (बेंगलुरू) अमृत भारत एक्सप्रेस) और छह नई वंदे भारत ट्रेनों (श्री माता वैष्णो देवी कटरा-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस, अमृतसर-दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस, कोयंबटूर बैंगलौर कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस, मैंगलौर-मडगांव वंदे भारत एक्सप्रेस, जालना-मुंबई वंदे भारत एक्सप्रेस और अयोध्या-आनंद विहार टर्मिनल वंदे भारत एक्सप्रेस) को हरी झंडी दिखाई।

**21. दिसंबर, 2023 में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहाँ पर नेशनल कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन ऑफ इंडिया (NCDFI) लिमिटेड के मुख्यालय का शिलान्यास किया?**

(a) गुजरात के गांधीनगर में (b) गुजरात के सूरत में
(c) गुजरात के अहमदाबाद में (d) गुजरात के बड़ोदरा में

उत्तर–(a)

### नेशनल कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन ऑफ इंडिया (NCDFI) लिमिटेड के मुख्यालय का शिलान्यास

- **शिलान्यास तिथि :** 30 दिसंबर, 2023
- **शिलान्यास स्थल :** गांधीनगर, गुजरात
- **शिलान्यासकर्ता :** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह
- **अन्य तथ्य:**
  - इस अवसर पर अमित शाह ने NCDFI ई-मार्केट अवॉर्ड-2023 समारोह को संबोधित किया।
  - वर्तमान में भारत विश्व के दुग्ध उत्पादन में 24% हिस्सेदारी के साथ पहले स्थान पर है।

**22. दिसंबर, 2023 में काशी तमिल संगमम् 2023 का उद्घाटन किसने किया?**

(a) नरेन्द्र मोदी ने (b) योगी आदित्यनाथ ने
(c) आनंदीबेन पटेल ने (d) अमित शाह ने

उत्तर–**(a)**

### काशी तमिल संगमम् 2023 का उद्घाटन

- **उद्घाटन तिथि :** 17 दिसंबर,
- **उद्घाटन स्थल :** वाराणसी
- **उद्घाटनकर्ता :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी
- **आयोजन अवधि :** 17-30 दिसंबर, 2023
- **उद्देश्य :** देश की दो सबसे महत्वपूर्ण और प्राचीन शिक्षा पीठों, तमिलनाडु और काशी के बीच सदियों पुराने संबंधों का उत्सव मनाते हुए इनकी पुष्टि करना और पुनः अन्वेषण करना।
- **अन्य महत्वपूर्ण तथ्य:**
  - प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर कन्याकुमारी वाराणसी तमिल संगमम ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
  - प्रधानमंत्री ने तिरुक्कुरल, मणिमेकलाई और अन्य उत्कृष्ट तमिल साहित्य के बहुभाषा और ब्रेल अनुवाद को भी जारी किया।
- **विशेष**
  - काशी तमिल संगमम् का यह दूसरा चरण है।
  - इसके पहले चरण का आयोजन 16 नवंबर से 16 दिसंबर, 2022 तक किया गया था।

**23. दिसंबर, 2023 में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहाँ पर सरदार वल्लभ भाई पटेल की 15 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया?**

(a) नागपुर (b) पुणे
(c) सूरत (d) गांधीनगर

उत्तर–**(d)**

### सरदार वल्लभभाई पटेल की 15 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण

- **अनावरण तिथि :** 24 दिसंबर, 2023
- **प्रतिमा अनावरण स्थल :** कलोल, गांधीनगर (गुजरात)
- **अनावरणकर्ता :** अमित शाह, केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री
- **प्रतिमा की ऊंचाई :** 15 फीट

**24. दिसंबर, 2023 में किसने 'विकसित भारत @ 2047 : वायस ऑफ यूथ' पहल का शुभारंभ किया?**

(a) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी (b) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू
(c) उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ (d) लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला

उत्तर–**(a)**

### 'विकसित भारत @2047 : वायस ऑफ यूथ' पहल का शुभारंभ

- **शुभारंभ तिथि :** 11 दिसंबर, 2023
- **शुभारंभकर्ता :** नरेन्द्र मोदी (वर्चुअल माध्यम से)
- **उद्देश्य :** देश की राष्ट्रीय योजनाओं, प्राथमिकताओं और लक्ष्यों के निर्माण में देश के युवाओं को सक्रिय रूप से शामिल करने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप देश के युवाओं को एक मंच प्रदान करना।

**25. दिसंबर, 2023 में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किस हवाई अड्डे को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा घोषित किया?**

(a) आगरा हवाई अड्डा (b) मैसूर हवाई अड्डा
(c) सूरत हवाई अड्डा (d) जोधपुर हवाई अड्डा

उत्तर–**(c)**

### सूरत हवाई अड्डे को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का दर्जा

- **दर्जा प्रदान तिथि :** 15 दिसंबर, 2023
- **दर्जा प्रदानकर्ता :** केन्द्रीय मंत्रिमंडल
- **लाभ :** विदेशी पर्यटकों के लिए दरवाजे खुलेंगे और विदेशी व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।

**26. दिसंबर, 2023 में सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ ने जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा प्रदान करने वाले संविधान के अनुच्छेद-370 के प्रावधानों को निरस्त करने वाले केन्द्र सरकार के निर्णय पर ऐतिहासिक फैसला सुनाया इस पीठ की अध्यक्षता कौन कर रहे थे?**

(a) न्यायमूर्ति संजय किशन कौल
(b) न्यायमूर्ति संजीव खन्ना
(c) न्यायमूर्ति डीवाई चन्द्रचूड़
(d) न्यायमूर्ति सूर्यकांत

उत्तर–**(c)**

### अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

- **फैसला तिथि :** 11 दिसंबर, 2023
- **फैसला सुनाया :** सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चन्द्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संवैधानिक पीठ ने
- **पीठ में शामिल न्यायाधीश :** मुख्य न्यायामूर्ति डीवाई चन्द्रचूड़, न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति सूर्यकांत
- **सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के प्रमुख बिंदु :**

  सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि तत्कालीन जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा प्रदान करने वाला संविधान का अनुच्छेद 370 एक 'अस्थायी प्रावधान' था और यह कभी संप्रभु नहीं था।

  अपने ऐतिहासिक फैसले में शीर्ष अदालत ने सर्वसम्मति से अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने के केन्द्र सरकार के 5 अगस्त, 2019 के फैसले को सही ठहराया।

  शीर्ष न्यायालय ने जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा जल्द से जल्द बहाल करने और 30 सितंबर, 2024 तक विधानसभा चुनाव कराने का निर्देश दिया है।
- **विशेष :** ध्यातव्य है कि केन्द्र सरकार ने 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 और 35 (ए) (जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा प्रदान करने वाले प्रावधानों) को समाप्त करते हुए जम्मू-कश्मीर को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख नामक दो केन्द्र शासित प्रदेश बना दिया था।

**27. दिसंबर, 2023 में यूनेस्को ने भारत के किस लोकनृत्य को अपने अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किया?**

(a) लावणी (b) गरबा
(c) करगा (d) रऊफ

उत्तर–(b)

## गुजरात का 'गरबा नृत्य' यूनेस्को के 'अमूर्त सांस्कृतिक विरासत' सूची में शामिल

❖ **संदर्भ :** 5 से 9 दिसंबर, 2023 तक बोत्सवाना के कसाने में हुई यूनेस्को के 'अमूर्त सांस्कृतिक विरासत' (ICH) की सुरक्षा के लिए अंतर सरकारी समिति की 18वीं बैठक के दौरान 'गुजरात के गरबा नृत्य' को यूनेस्को के 'अमूर्त सांस्कृतिक विरासत' (ICH) सूची में शामिल करने की घोषणा की गई। गरबा नृत्य इस सूची में शामिल होने वाली भारत की 15वीं अमूर्त सांस्कृतिक विरासत है।

❖ **गरबा नृत्य :**

- 'गरबा' गुजरात का लोकनृत्य है जो हिन्दू त्योहार नवरात्रि के दौरान किया जाता है जो बुराई पर अच्छाई की जीत का जश्न है।
- यह सामाजिक और लैंगिक समावेशिता को बढ़ावा देने वाली एक एकीकृत शक्ति के रूप में महत्त्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करती है।

**इस सूची में शामिल भारत की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर**

| क्र.सं | विरासत/धरोहर | शामिल होने का वर्ष |
|---|---|---|
| 1. | कुटियाट्टम (संस्कृत नाट्य कला) | 2008 |
| 2. | वैदिक मंत्रोच्चारण की परंपरा | 2008 |
| 3. | रामलीला (रामायण का पारंपरिक प्रदर्शन) | 2008 |
| 4. | रम्मन (भारत के गढ़वाल हिमालय का धार्मिक त्योहार और अनुष्ठान रंगमंच) | 2009 |
| 5. | छऊ नृत्य (पश्चिम बंगाल) | 2010 |
| 6. | कालबेलिया (राजस्थान का लोकगीत एवं नृत्य) | 2010 |
| 7. | मुडियेट्टु (केरल का अनुष्ठान थिएटर और नृत्य नाटक) | 2010 |
| 8. | लद्दाख का बौद्ध मंत्रोच्चार (ट्रांस हिमालयी लद्दाख क्षेत्र एवं जम्मू-कश्मीर में पवित्र बौद्ध ग्रंथों का पाठ) | 2012 |
| 9. | संकीर्तन (मणिपुर का अनुष्ठान गायन ढोल वादन एवं नृत्य) | 2013 |
| 10. | पंजाब के जंडियाला गुरू के ठठेरों द्वारा पीतल और तांबे का बर्तन बनाने की पारंपरिक शिल्प कला | 2014 |
| 11. | नवरोज | 2016 |
| 12. | योग | 2016 |
| 13. | कुंभ मेला | 2017 |
| 14. | कोलकाता का दुर्गापूजा | 2021 |
| 15. | गुजरात का गरबा | 2023 |

**28. दिसंबर, 2023 में नीति आयोग द्वारा जारी एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम (ABP) की पहली डेल्टा रैंकिंग में किस ब्लॉक को पहला स्थान मिला?**

(a) कौशाम्बी (b) तिरियानी कुमुरम भीम ब्लॉक
(c) अभोली ब्लॉक (d) बक्सा ब्लॉक

उत्तर–(b)

## नीति आयोग की एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम (ABP) पहली डेल्टा रैंकिंग

❖ **जारी तिथि :** 27 दिसंबर, 2023

❖ **जारीकर्त्ता :** नीति आयोग

❖ **परिचय :** यह नीति आयोग द्वारा जारी देश में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले आकांक्षी ब्लॉकों और जिलों की उपलब्धियों पर आधारित पहली डेल्टा रैंकिंग है।

❖ **शामिल ब्लॉक :** 7 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के 329 जिलों के 500 आकांक्षी ब्लॉकों को शामिल किया गया है।

❖ **एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम (ABP) के अंतर्गत शीर्ष-2 स्थान पाने वाले ब्लॉक :**

1. तेलंगाना के आसिफाबाद जिले का तिरियानी कुमुरम भीम ब्लॉक
2. उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले का कौशांबी ब्लॉक

❖ **अचीवर्स ऑफ डेवलपमेंट प्रोग्राम (ADP) रैंकिंग (अक्टूबर, 2023 माह के लिए शीर्ष स्थान प्राप्त जिले)-** 1. रायगढ़ा (ओडिशा) 2. जमुई (बिहार)

❖ **अन्य महत्वपूर्ण तथ्य:**

- ब्लॉकों को भौगोलिक दृष्टि से भी छः जोनों में विभाजित किया गया है और प्रत्येक जोन से दो ब्लॉकों को रैंकिंग दी गई है।

| जोन | रैंक | ब्लॉक | जिला | राज्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. (पहाड़ी और पूर्वोत्तर राज्य) | 1.<br>2. | अमरी<br>नगोवा | पश्चिम कर्बी आंगलोंग<br>सैतुअल | असम<br>मिजोरम |
| 2. (उत्तर भारतीय राज्य) | 1.<br>2. | हर्रैया<br>विरनो | बस्ती<br>गाजीपुर | उत्तर प्रदेश<br>उत्तर प्रदेश |
| 3. (दक्षिणी राज्य) | 1.<br>2. | मस्की<br>नारनूर | रायचूर<br>आदिलाबाद | कर्नाटक<br>तेलंगाना |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4. (पश्चिमी राज्य) | 1.<br>2. | सिरोचा<br>अहेरी | गढ़चिरोली<br>गढ़चिरोली | महाराष्ट्र<br>महाराष्ट्र |
| 5. (मध्य भारत) | 1.<br>2. | तिरला<br>पाट | धार<br>बड़वानी | मध्य प्रदेश<br>मध्य प्रदेश |
| 6. (पूर्वी भारत) | 1.<br>2. | आंदर<br>रामगढ़ | सीवान<br>दुमका | बिहार<br>झारखंड |

❖ **पुरस्कार राशि :** सभी श्रेणी में विजेताओं को शीर्ष रैंक के लिए 1.5 करोड़ रुपये और दूसरी रैंक के लिए 1 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जायेगा।

❖ **विशेष :**

- केन्द्र सरकार द्वारा एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम (ABP) 7 जनवरी, 2023 को शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य भारत के सबसे कठिन और अपेक्षाकृत अविकसित ब्लॉकों में नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए शासन में सुधार करना है।

**29. दिसंबर, 2023 में संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले की जांच हेतु किसकी अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया?**

(a) अनीश दयाल सिंह (b) महेश चंद्र शुक्ला
(c) मीना कुमारी (d) रामनाथ कोविंद

उत्तर–**(a)**

## संसद सुरक्षा उल्लंघन जांच हेतु समिति का गठन

❖ **गठन तिथि :** 14 दिसंबर, 2023

❖ **गठनकर्ता :** गृह मंत्रालय, भारत सरकार

❖ **समिति के अध्यक्ष :** अनीश दयाल सिंह (सीआरपीएफ के निदेशक)

❖ **अन्य महत्वपूर्ण तथ्य:**

- इस समिति में देश की अन्य सुरक्षा एजेंसियों के सदस्य और विशेषज्ञ शामिल हैं।
- यह समिति संसद की सुरक्षा में हुई चूक के कारणों की जांच करेगी, खामियों की पहचान करेगी और आगे की कार्रवाई की सिफारिश करेगी।

**30. दिसंबर, 2023 में जारी राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) रिपोर्ट के अनुसार भारत का सबसे सुरक्षित शहर कौन है?**

(a) चेन्नई (b) कोयंबटूर
(c) कोलकाता (d) सूरत

उत्तर–**(c)**

## NCRB रिपोर्ट के अनुसार भारत का सबसे सुरक्षित शहर

❖ **रिपोर्ट जारी तिथि :** 4 दिसंबर, 2023

❖ **जारीकर्त्ता :** राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB)

❖ **भारत के सबसे सुरक्षित शहर (शीर्ष पांच शहर) :** कोलकाता, चेन्नई, कोयंबटूर, सूरत, पुणे

**31. दिसंबर, 2023 में डॉ. बीआर अंबेडकर की मोम की मूर्ति की स्थापना कहाँ पर की गई?**

(a) मुंबई (b) वाराणसी
(c) अहमदाबाद (d) जयपुर

उत्तर–**(d)**

## डॉ. बीआर अंबेडकर की मोम की मूर्ति की स्थापना

❖ **स्थापना तिथि :** 6 दिसंबर, 2023

❖ **स्थापना स्थल :** जयपुर वैक्स संग्रहालय (नाहरगढ़ किले में)

❖ **मूर्ति की लंबाई :** 5 फीट 11 इंच

❖ **मूर्ति का वजन :** 38 किग्रा.

❖ **निर्माणकर्त्ता :**पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, राजस्थान सरकार

**32. दिसंबर, 2023 में पारित केंद्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2023 के अनुसार 'सम्मक्का सरक्का केन्द्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय' की स्थापना किस राज्य में की जायेगी?**

(a) तमिलनाडु (b) तेलंगाना
(c) आंध्र प्रदेश (d) कर्नाटक

उत्तर–**(b)**

## 'सम्मक्का सरक्का केन्द्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय' की स्थापना

❖ **संदर्भ :** दिसंबर, 2023 में संसद ने केंद्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2023 पारित किया, यह विधेयक केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 में संशोधन करेगा तथा इसके तहत 'सम्मक्का सरक्का केन्द्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय' की स्थापना की जायेगी।

❖ **स्थापना स्थल :** मुलुगु (तेलंगाना)

❖ **उद्देश्य :**

- क्षेत्रीय आकांक्षा को पूरा करना
- गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना
- जनजातीय समुदाय के बीच अनुसंधान को बढ़ावा देना

❖ **अन्य महत्वपूर्ण तथ्य:**

- विश्वविद्यालय का नाम माँ और बेटी, सम्मक्का और सरलाम्मा (सरक्का) के नाम पर रखा गया है, जिन्हें तेलंगाना के आदिवासी समुदायों की रक्षा के लिए भेजी गई आदि पराशक्ति की अभिव्यक्ति माना जाता है।

**33. दिसंबर, 2023 में एक ही दिन में सर्वाधिक जीआई टैग प्राप्त करने वाला भारत का पहला राज्य कौन बना?**

(a) तमिलनाडु (b) उत्तराखंड
(c) उत्तर प्रदेश (d) गुजरात

उत्तर–**(b)**

## एक ही दिन में सर्वाधिक जीआई टैग प्राप्त करने वाला भारत का पहला राज्य

- **जी.आई.टैग प्रदान तिथि :** 4 दिसंबर, 2023
- **उपलब्धि प्राप्त राज्य :** उत्तराखंड
- **उत्तराखंड को एक दिन में प्राप्त कुल जी.आई. टैग :** 18
- **जीआई टैग प्राप्त उत्पाद :** 1. उत्तराखंड चौलाई 2. झंगोरा 3. मंडुवा 4. लाल चावल 5. अल्मोड़ा लखौरी मिर्च 6. बेरीनाग चाय 7. बुरांस शरबत 8. रामनगर नैनीताल लीची 9. रामगढ़ आड़ू 10. माल्टा 11. पहाड़ी तूर दाल 12. गहत दाल 13. काला भट्ट (काला सोयाबीन) 14. बिच्छूबूटी कपड़ा 15. नैनीताल मोमबत्तियां 16. कुमाऊँनी पिछौड़ा 17. चमोली का रम्मन मुखौटा 18. लिखाई वुड कार्विंग
- **अन्य महत्वपूर्ण तथ्यः**
  - अब तक उत्तराखंड के कुल 27 उत्पादों को जीआई टैग प्राप्त हो चुका है।
  - उत्तराखंड के सभी जिलों में स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए 'एक जिला दो उत्पाद' योजना पर तेजी से कार्य किया जा रहा है।
  - भारत में जीआई टैग पंजीकरण का विनियमन ''वस्तुओं के भौगोलिक संकेतक (पंजीकरण और संरक्षण) अधिनियम, 1999'' के तहत किया जाता है।
- **वर्ष 2023 में जीआई टैग प्राप्त प्रमुख उत्पाद एवं संबंधित राज्य-**

| जी आई टैग प्राप्त उत्पाद | संबंधित राज्य |
|---|---|
| लाकाडोंग हल्दी | मेघालय |
| सी बकथोर्न (लेह बेरी), लद्दाख शिंगस्कोस (लकड़ी पर नक्काशी) | लद्दाख |
| याक चुरपी, खामती चावल, तांगसा कपड़ा | अरुणाचल प्रदेश |
| उदयपुर कोफ्तगारी धातु शिल्प, बीकानेर काशीदाकारी शिल्प, बीकानेर उस्ता कला शिल्प, जोधपुर बंधेज शिल्प | राजस्थान |
| गोवा मंकुर आम, गोवा बेबिंका | गोवा |
| अमरोहा की ढ़ोलक, संभल हार्न क्राफ्ट, महोबा गौरा पत्थर हस्तशिल्प, मैनपुरी तारकशी, बाराबंकी का हथकरघा उत्पाद, कालपी का हस्तनिर्मित कागज, बागपत होम फर्निशिंग, आगरा का लेदर फुटवियर तथा जलेसर धातु शिल्प, बनारस पान, रामनगर भंटा (बैगन), बनारस लंगड़ा आम, हाथरस हींग, आदमचीनी चावल, अलीगढ़ ताला, प्रतापगढ़ का आंवला, नगीना लकड़ी शिल्प, बखिरा के पीतल के बर्तन, बांदा का शजर पत्थर शिल्प | उत्तर प्रदेश |
| मर्चा चावल | बिहार |
| रीवा का सुंदरजा आम | मध्य प्रदेश |
| नागरी दुबराज चावल | छत्तीसगढ़ |
| मनप्पराई मुरक्कू, कुंबुम पन्नीर थ्राचाई (अंगूर), मार्तंडम् शहद, ऊटी वर्की , मनामदुराई के मिट्टी के बर्तन, सलेम साबूदाना, औथूर वेत्रिलई, माइलडी पत्थर की नक्काशी, शोलवंदन वेत्रिलई, नेगामम सूती साड़ी, थैक्कल रतन शिल्प | तमिलनाडु |
| चिकरी वुड क्राफ्ट (राजौरी), मुश्कबुदजी चावल (अनंतनाग), बसोहली पेंटिंग, बसोहली पश्मीना ऊनी उत्पाद वस्त्र, भद्रवाह राजमा, राजौरी चिकरी वुड क्राफ्ट, मुश्कबुदजी चावल, उधमपुर कलादी, रामबन अनारदाना, रामबन सुलाई शहद | जम्मू और कश्मीर |

**34. दिसंबर, 2023 में वाराणसी में निर्मित स्वर्वेद महामंदिर का उद्घाटन किसने किया?**

(a) नरेन्द्र मोदी (b) योगी आदित्यनाथ
(c) मोहन भागवत (d) नित्यानंद स्वामी

उत्तर–**(a)**

## स्वर्वेद महामंदिर का उद्घाटन

- **उद्घाटन तिथि :** 18 दिसंबर, 2023
- **उद्घाटनकर्ता :** नरेन्द्र मोदी (भारत के प्रधानमंत्री)
- **उद्घाटन स्थल :** वाराणसी के उमराहा में
- **महामंदिर की ऊँचाई :** 180 फीट (सात मंजिला)
- **महामंदिर परिसर का क्षेत्रफल :** 200 एकड़
- **महामंदिर का निर्माण :** विहंगम योग संस्थान की ओर से कराया गया है (इसका निर्माण मकराना पत्थर से किया गया है।)
- **महत्व :** स्वर्वेद मंदिर भारत के सामाजिक और आध्यात्मिक सामर्थ्य का एक आधुनिक प्रतीक है।
- **अन्य महत्वपूर्ण तथ्यः**
  - मंदिर को 125 पंखुड़ियों वाले कमल के गुंबदों के साथ डिजाइन किया गया है और इसमें एक साथ 20,000 लोग बैठ सकते हैं, जो इसे विश्व के सबसे बड़े ध्यान केंद्रों में से एक बनाती है।
  - सद्गुरु आचार्य स्वतंत्र देव और संत प्रवर विज्ञान देव ने 2004 में इस विशाल ध्यान केन्द्र की नींव रखी थी।

**35. दिसंबर, 2023 में किस देश के राष्ट्रपति ने भारत के 75वें गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि बनने का निमंत्रण स्वीकार किया?**

(a) फ्रांस (b) संयुक्त राज्य अमेरिका
(c) जापान (d) इटली

उत्तर–**(a)**

## 75वें गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि

- **निमंत्रण स्वीकार माह :** दिसंबर, 2023
- **निमंत्रण स्वीकार किया :** फ्रांस के राष्ट्रपति ने
- **75वें गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि :** इमैनुएल मैक्रॉन (फ्रांस के राष्ट्रपति)
- **75वां गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा :** 26 जनवरी, 2024
- **विशेष :** यह छठा अवसर है जब किसी फ्रांसीसी नेता को गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।
- इससे पूर्व इस गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए यू.एस.ए. के राष्ट्रपति जो बाइडेन को आमंत्रित किया गया था, परंतु उन्होंने आने में असमर्थता जाहिर कर दी थी।
- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भारत के 75वें गणतंत्र वर्ष के लिए 'हमारा संविधान हमारा सम्मान' अभियान शुरू किया।

**36. नवंबर, 2023 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' की अवधि कितने वर्षों के लिए बढ़ा दी गयी है?**

(a) 5 वर्ष (b) 7 वर्ष
(c) 10 वर्ष (d) 15 वर्ष

उत्तर–**(a)**

## प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की अवधि में वृद्धि

- **अवधि में की गई वृद्धि :** 1 जनवरी, 2024 से 5 वर्ष के लिए
- **योजना लागू रहेगी :** वर्ष 2029 तक
- **योजना की शुरुआत :** वर्ष 2020 में
- **प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना :** लाभार्थी को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अंतर्गत 5 किलो ग्राम सब्सिडी वाले खाद्यान्न के अलावा प्रति माह 5 किलोग्राम मुफ्त खाद्यान्न प्रदान किया जाता है।
- **लाभार्थी :** 81.35 करोड़ गरीब व्यक्ति (राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत 75% ग्रामीण आबादी और 50% शहरी आबादी आच्छादित है।)

**37. नवंबर, 2023 में उत्तराखण्ड के सिल्कयारा सुरंग में बचाव अभियान को पूरा कर लिया गया, इस बचाव अभियान का क्या नाम था?**

(a) ऑपरेशन मित्र (b) ऑपरेशन दोस्त
(c) ऑपरेशन जिंदगी (d) ऑपरेशन मुक्ति

उत्तर–**(c)**

## सिल्कयारा सुरंग हादसा

- **सुरंग हादसा हुआ :** 12 नवंबर, 2023 को
- **बचाव अभियान पूरा हुआ :** 28 नवंबर, 2023 को (17 दिन बाद)
- **सुरंग में फँसे कुल निर्माण श्रमिक :** 41 श्रमिक
- **निर्माणाधीन सिल्कयारा सुरंग की अवस्थिति :** उत्तराखंड के उत्तरकाशी स्थित यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग (NH- 134) पर
- **सम्बन्धित परियोजना :** सिल्कयारा बेंड-बड़कोट सुरंग, चार धाम आल वेदर रोड परियोजना का हिस्सा है।
- **सुरंग की लंबाई :** 4.5 किमी. लम्बा बनाने की योजना है (यह धरासू को यमुनोत्री से जोड़ेगा)
- **सुरंग का निर्माता :** नवयुग इंजीनियरिंग कंस्ट्रक्शन लिमिटेड
- **बचाव ऑपरेशन का नाम :** ऑपरेशन जिंदगी
- **बचाव अभियान में महत्त्वपूर्ण व सफल भूमिका निभायी :** दिल्ली और मध्य प्रदेश के 6 रैट होल माइनर ने
- **रैट होल माइनर :** रैट होल खनन का उपयोग सामान्यतः 3 से 4 फीट ऊँची संकरी सुरंग खोदने के लिए किया जाता है, जिसमें केवल एक व्यक्ति के उतरने और कोयला निकालने की व्यवस्था होती है।
- **अन्य महत्वपूर्ण तथ्य:**
  - वर्ष 2014 में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा मेघालय में रैट होल खनन पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया था।

**38. नवंबर, 2023 में आयुष मंत्रालय के तहत केन्द्रीय आयुर्वेद विज्ञान अनुसंधान परिषद् (CCRAS) ने आयुर्वेद में नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए किस पहल की शुरुआत की?**

(a) अग्नि (AGNI) पहल (b) वेद (VED) पहल
(c) युवा (YUVA) पहल (d) दिशा (DISHA) पहल

उत्तर–**(a)**

## आयुर्वेद ज्ञान नैपुण्य पहल ( अग्नि )

- **अग्नि का पूरा नाम :** आयुर्वेद ज्ञान नैपुण्य पहल (Ayurveda Gyan Naipunya Initiative : AGNI)
- **शुभारंभकर्ता :** केन्द्रीय आयुर्वेद विज्ञान अनुसंधान परिषद्, आयुष मंत्रालय
- **उद्देश्य हेतु :** वैज्ञानिक सत्यापन और साक्ष्य आधारित मूल्यांकन के माध्यम से आयुर्वेद से जुड़ी व्यावहारिक प्रथाओं को मुख्य धारा में लाने के लिए

**39. 15 नवंबर, 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर कहाँ पीएम जनमन (PM JANMAN: प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान ) की घोषणा की?**

(a) खूँटी, झारखण्ड (b) देवघर, झारखण्ड
(c) जगदलपुर, छत्तीसगढ़ (d) रायगढ़, ओडिशा

उत्तर–**(a)**

## प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (PM - JANMAN)

- **केन्द्रीय मंत्रिमण्डल द्वारा मंजूरी तिथि :** 29 नवंबर, 2023
- **घोषणा स्थल :** खूँटी, झारखण्ड
- **अभियान हेतु फोकस क्षेत्र :** 11 क्षेत्र

1. पक्के मकान 2. संपर्क मार्ग

3. नल जल आपूर्ति एवं सामुदायिक जल आपूर्ति
4. मोबाइल चिकित्सा इकाईयाँ
5. छात्रावासों का निर्माण तथा व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल
6. आंगनबाड़ी केद्रों का निर्माण
7. बहुद्देशीय केन्द्रों का निर्माण
8. बस्ती/घरों (HH) का ऊर्जाकरण व सोलर ग्रिड प्रणाली का प्रावधान
9. सड़कों पर सौर प्रकाश व्यवस्था
10. वीडीवीके (वन धन विकास केंद्र) की स्थापना
11. मोबाइल टॉवरों की स्थापना।

❖ **उद्देश्य :** विशेष रूप से कमजोर 75 जनजातीय समूहों (PVTG) की सामाजिक आर्थिक स्थितियों में सुधार करना
❖ **मंजूर की गई कुल परिव्यय राशि :** 24,104 करोड़ रुपये (केन्द्र का अंश 15,336 करोड़ रुपये तथा राज्य का अंश 8,768 करोड़ रुपये)

**40. नवंबर, 2023 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कहाँ पर 10,000वें जन औषधि केन्द्र का उद्घाटन किया?**

(a) नागपुर (b) देवघर
(c) वाराणसी (d) रायपुर

उत्तर–**(b)**

## 10,000वें जन औषधि केन्द्र का उद्घाटन

❖ **उद्घाटन तिथि :** 30 नवंबर, 2023
❖ **उद्घाटनकर्ता :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)
❖ **10,000वां जन औषधि केन्द्र स्थल :** एम्स, देवघर
❖ **लक्ष्य था :** मार्च, 2024 तक 10,000 जन औषधि केन्द्र स्थापित करने का (जो 2014 में केवल 80 थी।)
❖ **नया प्रस्ताव :** 31 मार्च, 2026 तक देश भर में 25000 प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र खोलने का
❖ **प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना शुरू की गई :** रसायन और उर्वरक मंत्रालय के फार्मास्यूटिकल्स विभाग द्वारा

**41. नवंबर, 2023 में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (MOHFM) ने आयुष्मान भारत स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्रों (AB-HWC) को किस नाम से रीब्रांडेड किया है?**

(a) आरोग्य केन्द्र (b) आयुष्मान केन्द्र
(c) आयुष्मान मन्दिर (d) आयुष्मान आरोग्य मन्दिर

उत्तर–**(d)**

## आयुष्मान भारत स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्रों का नाम परिवर्तित

❖ **परिवर्तित नाम :** आयुष्मान आरोग्य मन्दिर
❖ **टैगलाइन :** आरोग्य परम् धनम्
❖ **री ब्रांडिंग पूरा करने का लक्ष्य:** वर्ष 2023 के अंत तक
❖ **'आयुष्मान भारत' का शुभारंभ किया गया था:**
- वर्ष 2018 में (योजना के अंतर्गत कम आय वाले लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य देखभाल और स्वास्थ्य बीमा कवरेज प्रदान किया जाता है।)

**42. नवंबर, 2023 में सम्पन्न हुए पाँच राज्यों के विधानसभा चुनाव में कौन शामिल नहीं था?**

(a) मिजोरम (b) मेघालय
(c) तेलंगाना (d) राजस्थान

उत्तर–**(b)**

## पाँच राज्यों में विधान सभा चुनाव 2023

❖ **शामिल पाँच राज्य :** छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, मिजोरम, राजस्थान एवं तेलंगाना

| विधानसभा | मतदान तिथि | कुल सीट | प्राप्त सीट | महिला विधायकों की सं0 | मुख्यमंत्री |
|---|---|---|---|---|---|
| **छत्तीसगढ़** (5वीं) (मतदान प्रतिशत -76.31%) | 7 नवंबर, 2023 (I) 17नवंबर, 2023 (II) | 90 | भारतीय जनता पार्टी-54<br>भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस-35<br>गोंडवाना गणतंत्र पार्टी-1 | 19 | विष्णु देव साय (अरुण साव और विजय शर्मा को उप-मुख्यमंत्री नियुक्त किया गया) |
| **मध्य प्रदेश** (15वीं) (मतदान प्रतिशत - 77.15%) | 17 नवंबर, 2023 | 230 | भारतीय जनता पार्टी-163<br>भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस-66, भारत राष्ट्रीय कांग्रेस - 1<br>भारतीय आदिवासी पार्टी-1 | 27 | मोहन यादव (जगदीश देवड़ा और राजेन्द्र शुक्ला को उपमुख्यमंत्री नियुक्त किया गया) |
| **मिजोरम** (8वीं) (मतदान प्रतिशत - 80.66%) | 7 नवंबर, 2023 | 40 | जोरम पीपुल्स मूवमेंट-27, मिजो नेशनल फ्रंट- 10, भारतीय जनता पार्टी -2, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस-1 | 3 | लाल दुहोमा |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **राजस्थान** (15वीं) (मतदान प्रतिशत- 74.62%) | 25 नवंबर, 2023 | 200 (199सीटों के लिए चुनाव हुआ) | भारतीय जनता पार्टी-115, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस-69, भारत आदिवासी पार्टी-3, बहुजन समाज पार्टी -2, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी-1, निर्दलीय-8 | 20 | भजन लाल शर्मा (दीया कुमारी एवं प्रेमचंद बैरवा को उपमुख्यमंत्री नियुक्त किया गया) |
| **तेलंगाना** (दूसरी) (मतदान प्रतिशत- 71.34%) | 30 नवंबर, 2023 | 119 | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस-64 भारतीय राष्ट्र समिति-39 भारतीय जनता पार्टी-8 आल इंडिया मजलिस-ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM)-7 कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (CPI)-I | - | अनुमुला रेवंत रेड्डी (मल्लू भट्टी विक्रमार्क को उपमुख्यमंत्री नियुक्त किया गया।) |

| राज्य | नवगठित विधानसभा के अध्यक्ष | राज्यपाल |
|---|---|---|
| मिजोरम | लालबियाकजामा | कम्भम्पति हरि बाबू |
| छत्तीसगढ़ | रमन सिंह (पूर्व मुख्यमंत्री) | विश्व भूषण हरिचंदन |
| मध्य प्रदेश | नरेंद्र सिंह तोमर | मंगुभाई पटेल |
| राजस्थान | वासुदेव देवनानी | कलराज मिश्र |
| तेलंगाना | गद्दाम प्रसाद कुमार | तमिलिसई सुंदरराजन |

❖ **अन्य महत्वपूर्ण तथ्य:**

- चुनई चिरई को छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 का शुभंकर घोषित किया गया।
- विष्णु देव साय छत्तीसगढ़ के पहले आदिवासी मुख्यमंत्री हैं।
- लालरिनपुई मिजोरम की पहली महिला कैबिनेट मंत्री बनीं हैं।
- पाँच राज्यों के चुनाव में सर्वाधिक मतदान प्रतिशत मिजोरम (80.66%) का और सबसे कम तेलंगाना (71.34%) का है।

**43. नवंबर, 2023 में ''द हंप द्वितीय विश्व युद्ध संग्रहालय'' का अनावरण किस राज्य में किया गया?**

(a) असम (b) अरुणाचल प्रदेश
(c) पश्चिम बंगाल (d) ओडिशा

उत्तर**–(b)**

### द हंप द्वितीय विश्व युद्ध संग्रहालय

❖ **अनावरण तिथि :** 30 नवंबर, 2023

❖ **अनावरणकर्ता :** भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी एवं अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू

❖ **संग्रहालय स्थल :** पासीघाट, पूर्वी सियांग जिला, अरुणाचल प्रदेश

❖ **हंप नामकरण :** हवाई मार्ग के नाम पर (द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान मित्र देशों की सेनाओं के शहीद वायु सैनिकों को समर्पित एशिया का दूसरा संग्रहालय)

❖ **द हंप मार्ग :** असम, अरुणाचल प्रदेश, तिब्बत चीन (यून्नान) और म्यांमार से होकर गुजरता है।

❖ **अन्य महत्वपूर्ण तथ्य:**

- भारत में लगभग 400 अमेरिकी वायु सैनिक लापता हैं, जिनमें अधिकांश के अवशेष उत्तर पूर्व भारत में हैं।
- एक अनुमान के अनुसार इस क्षेत्र में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान लगभग 650 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गए थे।

**44. नवंबर, 2023 में विश्व के पहले 3D- प्रिन्टेड मंदिर का अनावरण कहाँ पर किया गया?**

(a) तेलंगाना (b) उत्तर प्रदेश
(c) महाराष्ट्र (d) असम

उत्तर**–(a)**

### विश्व का पहला 3D- प्रिन्टेड मन्दिर

❖ **निर्माण स्थल :** बुरुगीपल्ली, सिद्दीपेट जिला, तेलंगाना

❖ **निर्माता :** अप्सुजा इन्फ्राटेक, हैदराबाद (सिंपलीफोर्ज क्रिएशंस के सहयोग से)

❖ **मन्दिर में स्थित हैं :** तीन गर्भगृह

- देवी पार्वती के लिए कमल के आकार का गर्भगृह
- भगवान गणेश को समर्पित मोदक
- भगवान शंकर को समर्पित एक चौकोर शिवालय

❖ **अन्य महत्वपूर्ण तथ्य:**

- मंदिर 35.5 फीट की ऊँचाई पर 4000 वर्ग फीट के क्षेत्र में विस्तृत है।

**45. अक्टूबर, 2023 में भारत के पहले रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (RRTS) गलियारे के प्राथमिकता वाले खंड का उद्घाटन कहाँ पर किया गया?**

(a) लखनऊ (b) प्रयागराज
(c) वाराणसी (d) साहिबाबाद

उत्तर**–(d)**

## भारत के पहले रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (RRTS) गलियारे के प्राथमिकता खंड का उद्घाटन

❖ **उद्घाटन तिथि :** 20 अक्टूबर, 2023
❖ **उद्घाटनकर्ता :** प्रधानमंत्री, नरेन्द्र मोदी
❖ **उद्घाटन स्थल :** साहिबाबाद (गाजियाबाद)
❖ **अन्य महत्वपूर्ण तथ्य:**

- इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की पहली रैपिड रेल सेवा 'नमो भारत' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- यह नमो भारत ट्रेन साहिबाबाद को दुहाई डिपो से जोड़ेगी।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चार वर्ष पूर्व दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (RRTS) गलियारे का शिलान्यास किया था और आज साहिबाबाद से दुहाई डिपो खंड पर इसके संचालन को चिह्नित किया।

**46. अक्टूबर, 2023 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एनटीपीसी की तेलंगाना सुपर थर्मल पॉवर परियोजना के 800 मेगावॉट के पहले संयंत्र का लोकार्पण कहाँ पर किया?**

(a) वारंगल (b) निजामाबाद
(c) अदीलाबाद (d) अमरावती

उत्तर–**(b)**

## एनटीपीसी की तेलंगाना सुपर थर्मल पॉवर परियोजना के 800 मेगावॉट के पहले संयंत्र का लोकार्पण

❖ **लोकार्पण तिथि :** 3 अक्टूबर, 2023
❖ **लोकार्पण स्थल :** निजामाबाद (तेलंगाना)
❖ **लोकार्पणकर्ता :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी
❖ **संयंत्र की क्षमता :** 800 मेगावॉट
❖ **अन्य महत्वपूर्ण तथ्य:**

- तेलंगाना सुपर थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट तेलंगाना के पेड्डापल्ली जिले में स्थित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2016 में इस परियोजना की आधारशिला रखी थी।
- एनटीपीसी लिमिटेड भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली सुविधा है,जो देश की एक-चौथाई आवश्यकता को पूरा करती है।

**47. अक्टूबर, 2023 में भारत के किन दो शहरों को यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क (UCCN) में शामिल किया गया?**

(a) कोच्चि, ग्वालियर (b) कपूरथला, इंदौर
(c) कोझिकोड, ग्वालियर (d) दार्जिलिंग, जयपुर

उत्तर–**(c)**

## यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क में शामिल दो भारतीय शहर

❖ **तिथि :** 31 अक्टूबर, 2023
❖ **नेटवर्क में शामिल भारतीय शहर :**

1. कोझिकोड, केरल (साहित्य श्रेणी में)
2. ग्वालियर, मध्य प्रदेश (संगीत श्रेणी में)

❖ **क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क श्रेणियां :** 7 श्रेणियां

1. शिल्प एवं लोककला
2. डिजाइन
3. फिल्म
4. पाक कला
5. साहित्य
6. मीडिया
7. संगीत.

❖ **यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क में शामिल अन्य भारतीय शहर :**

- जयपुर (शिल्प एवं लोककला)
- श्रीनगर (शिल्प एवं लोककला)
- मुंबई (फिल्म)
- वाराणसी (संगीत)
- चेन्नई (संगीत)
- हैदराबाद (पाक कला)

❖ **अन्य महत्वपूर्ण तथ्य:**

- इस अवसर पर भारत के इन दो शहरों सहित कुल 55 शहरों को इस नेटवर्क में शामिल किया गया।
- UCCN नेटवर्क में अब 100 से अधिक देशों के 350 शहर शामिल हैं।
- UCCN नेटवर्क में शामिल भारतीय शहरों की संख्या बढ़कर अब 8 हो गई है।

**48. अक्टूबर, 2023 में भारत सरकार ने 'राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड' के गठन को अधिसूचित किया। इसके संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिए-**

(i) यह हल्दी के बारे में जागरूकता और खपत को बढ़ाएगा और निर्यात बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए बाजार विकसित करेगा।
(ii) बोर्ड नए उत्पादों में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देगा, मूल्यवर्धित हल्दी उत्पादों के लिए पारंपरिक ज्ञान को विकसित करेगा।

**निम्न में से कौन-सही है?**

(a) केवल (i) (b) केवल (ii)
(c) (i) व (ii) दोनों (d) न तो (i) और न ही (ii)

उत्तर–**(c)**

## 'राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड' का गठन

❖ **अधिसूचना तिथि :** 4 अक्टूबर, 2023
❖ **बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त होगा :** केन्द्र सरकार द्वारा
❖ **बोर्ड के कार्य- :**

- देश में हल्दी और हल्दी उत्पादों के विकास और वृद्धि पर फोकस करेगा।
- हल्दी से संबंधित मामलों में नेतृत्व प्रदान करेगा, प्रयासों को मजबूत बनाएगा।
- हल्दी क्षेत्र के विकास और वृद्धि में अन्य सरकारी एजेंसियों के साथ अधिक समन्वय की सुविधा प्रदान करेगा।
- हल्दी के बारे में जागरूकता और खपत को बढ़ाएगा तथा निर्यात बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए बाजार विकसित करेगा।

- नए उत्पादों में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देगा, मूल्यवर्धित हल्दी उत्पादों के लिए पारंपरिक ज्ञान को विकसित करेगा।

❖ **अन्य महत्वपूर्ण तथ्य:**
- भारत विश्व में हल्दी का सबसे बड़ा उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक है।
- भारत में वर्ष 2022-23 में 3.24 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में हल्दी की खेती की गई थी और 11.61 लाख टन हल्दी का उत्पादन (वैश्विक हल्दी उत्पादन का 75% से अधिक) किया गया था।
- हल्दी के विश्व व्यापार में भारत की हिस्सेदारी 62% से अधिक है।
- भारत में हल्दी के सबसे बड़े उत्पादक राज्य महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु हैं।

**49. अक्टूबर, 2023 में शुभारंभ किए गए 'मेरा युवा भारत' मंच के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करिए-**

(i) यह एक स्वायत्त निकाय है जो 15-29 वर्ष के आयु वर्ग के लोगों को लाभान्वित करेगा।
(ii) इसका प्राथमिक उद्देश्य इसे युवाओं की उन्नति के लिए समर्पित एक संपूर्ण निजी मंच बनाना है।

**निम्न में से कौन सही है?**

(a) केवल i (b) केवल ii
(c) i एवं ii दोनों (d) न तो i और न ही ii

उत्तर–**(a)**

## मेरा युवा भारत (MY Bharat)

❖ **शुभारंभ तिथि :** 31 अक्टूबर, 2023
❖ **शुभारंभकर्ता :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी
❖ **के बारे में :**
- यह एक स्वायत्त निकाय है
- यह राष्ट्रीय युवा नीति में दी गई 'युवा' (Youth) की परिभाषा के अनुरूप 15-29 वर्ष के आयु वर्ग के युवाओं को लाभान्वित करेगा।
- विशेषरुप से किशोरों (Adolescents) के लिए बनाए गए इस कार्यक्रम के घटकों के मामले में लाभार्थियों की आयु 10-19 वर्ष होगी।
- यह एक फिजिटल प्लेटफॉर्म (फिजिकल + डिजिटल) है, जिसमें भौतिक गतिविधि के साथ ही साथ डिजिटल रूप से जुड़ने का अवसर भी शामिल है।

❖ **प्राथमिक उद्देश्य :** इसे युवाओं की उन्नति के लिए समर्पित एक संपूर्ण सरकारी मंच बनाना।

❖ **अन्य उद्देश्य:**
- युवाओं में नेतृत्व विकास करना।
- युवाओं की आकांक्षाओं और समुदाय की आवश्यकताओं के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना।
- मौजूदा कार्यक्रमों के समन्वय के माध्यम से दक्षता में वृद्धि करना
- युवा लोगों ओर मंत्रालयों के बीच वन स्टॉप शॉप के रूप में कार्य करना
- एक केंद्रीकृत युवा डेटाबेस तैयार करना
- सरकार एवं अन्य हितधारकों के साथ युवाओं को जोड़ने के लिए दोतरफा संचार में सुधार करना।

**50. अक्टूबर, 2023 में शुभारंभ किये गए 'प्रोजेक्ट उद्भव' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

**(i) यह प्रोजेक्ट भारतीय सेना और एकीकृत सेवा संस्थान (USI) के बीच की एक सहयोगात्मक पहल है।**
**(ii) इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य आधुनिक सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए एक अद्वितीय और समग्र दृष्टिकोण तैयार करते हुए समकालीन सैन्य प्रथाओं के साथ प्राचीन ज्ञान का उपयोग करना है।**

**निम्न में से कौन सही है?**

(a) केवल i (b) केवल ii
(c) i व ii दोनों (d) न तो i और न ही ii

उत्तर–**(c)**

## प्रोजेक्ट उद्भव

❖ **शुभारंभ तिथि :** 21 अक्टूबर, 2023
❖ **शुभारंभकर्ता :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह
❖ **पहल है :** भारतीय सेना और एकीकृत सेवा संस्थान (USI) के बीच की एक सहयोगात्मक पहल
❖ **उद्देश्य :** आधुनिक सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए एक अद्वितीय और समग्र दृष्टिकोण तैयार करते हुए समकालीन सैन्य प्रथाओं के साथ प्राचीन ज्ञान का उपयोग करना।

**51. अक्टूबर, 2023 में नैनो डीएपी (तरल) संयंत्र का उद्घाटन कहाँ पर किया गया?**

(a) कांदला (b) आंवला
(c) फूलपुर (d) कलोल

उत्तर–**(d)**

## नैनो डीएपी (तरल) संयंत्र का उद्घाटन

❖ **उद्घाटन तिथि :** 24 अक्टूबर, 2023
❖ **उद्घाटनकर्ता :** अमित शाह, केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री
❖ **उद्घाटन स्थल :** कलोल, गांधीनगर (गुजरात)
❖ **संयंत्र की लागत :** 300 करोड़ रुपये
❖ **1 बोतल नैनो डीएपी (तरल) का मूल्य :** 600 रुपये
❖ **अन्य महत्वपूर्ण तथ्य:**
- जहां पारंपरिक डीएपी की एक बोरी की कीमत लगभग 1300 रुपये है, वहीं किसानों को इसके समतुल्य नैनो डीएपी (तरल) की एक बोतल सिर्फ 600 रुपये में मिलेगी।
- यह प्लांट 25 टन डीएपी के बराबर 5 करोड़ बोतल नैनो डीएपी (तरल) का उत्पादन करेगा।

**52. अक्टूबर, 2023 में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (PMKSY-AIBP) के अंतर्गत जमरानी बहुद्देशीय परियोजना को शामिल करने की मंजूरी दी। इस परियोजना का निर्माण किस राज्य में किया जा रहा है?**

(a) जम्मू-कश्मीर (b) उत्तराखंड
(c) उत्तर प्रदेश (d) महाराष्ट्र

उत्तर–(b)

**जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (PMKSY-AIBP) के अंतर्गत शामिल करने को मंजूरी**

❖ **मंजूरी तिथि :** 25 अक्टूबर, 2023
❖ **मंजूरी प्रदानकर्ता :** आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति
❖ **परियोजना लागत :** 2584.10 करोड़ रुपये
❖ **केंद्रीय सहायता :** 1557.18 करोड़ रुपये
❖ **परियोजना पूर्ण होगी :** मार्च, 2028 तक
❖ **परियोजना अवस्थिति :** उत्तराखंड के नैनीताल जिले में रामगंगा नदी की सहायक नदी गोला नदी पर जमरानी गांव के पास
❖ **लाभन्वित जिले :** उत्तराखंड के नैनीताल और उधम सिंह नगर जिले एवं उत्तर प्रदेश के रामपुर एवं बरेली जिले
❖ **अन्य महत्वपूर्ण तथ्य:**

- यह परियोजना त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (AIBP) के अंतर्गत शामिल होने वाली सातवीं परियोजना है।

**53. अक्टूबर, 2023 में देश के पहले सोलर रूफ साइक्लिंग ट्रैक 'हेल्थवे' का उद्घाटन कहाँ पर किया गया?**

(a) अहमदाबाद (b) हैदराबाद
(c) वाराणसी (d) जयपुर

उत्तर–(b)

**देश के पहले सोलर रूफ साइक्लिंग ट्रैक का उद्घाटन**

❖ **उद्घाटन तिथि :** 1 अक्टूबर, 2023
❖ **उद्घाटन स्थल :** हैदराबाद
❖ **ट्रैक का नाम :** हेल्थवे
❖ **ट्रैक की लंबाई :** 23 किमी.
❖ **ट्रैक की चौड़ाई :** 4.5 मीटर
❖ **अन्य महत्वपूर्ण तथ्य:**

यह ट्रैक विश्व स्तर पर अपनी तरह का दूसरा ट्रैक है, इसे दक्षिण कोरिया के डेजॉन और सेजोंग बाइक हाइवेज की तर्ज पर बनाया गया है।

**54. अक्टूबर, 2023 में जारी 'भारत में सड़क दुर्घटनाएँ-2022' रिपोर्ट के अनुसार पिछले वर्ष की तुलना में दुर्घटनाओं में कितने प्रतिशत में वृद्धि हुई?**

(a) 7.8% (b) 9.7%
(c) 11.9% (d) 12.8%

उत्तर–(c)

**भारत में सड़क दुर्घटनाएँ-2022**

❖ **जारीकर्ता :** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार
❖ **वर्ष 2022 में कुल दुर्घटनाएँ :** 4,61,312
❖ **घायल लोगों की संख्या :** 4,43,366
❖ **कुल मृत्यु :** 1,68,491
❖ **पिछले वर्ष की तुलना में :**

- कुल दुर्घटनाओं में वृद्धि - 11.9%
- कुल घायलों की संख्या में वृद्धि - 9.4%
- कुल मृत्यु की संख्या में वृद्धि - 15.3%

**55. सितंबर, 2023 में भारत के किस मंत्रालय द्वारा ''भारत : द मदर ऑफ डेमोक्रेसी'' पोर्टल लांच किया गया?**

(a) गृह मंत्रालय
(b) रक्षा मंत्रालय
(c) संस्कृति मंत्रालय
(d) शिक्षा मंत्रालय

उत्तर–(c)

**भारत : द मदर ऑफ डेमोक्रेसी पोर्टल**

❖ **लांच तिथि :** 8 सितंबर, 2023
❖ **लांचकर्ता :** संस्कृति मंत्रालय
❖ **पोर्टल का संचालनकर्ता :** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (NGNCA)
❖ **अन्य महत्वपूर्ण तथ्य:**

- यह पोर्टल हिन्दी, अंग्रेजी, जर्मन, फ्रेंच, स्पेनिश, अरबी, पुर्तगाली, इतालवी और तुर्की सहित 16 भाषाओं में उपलब्ध है।
- इस पोर्टल में भारत में लोकतंत्र के इतिहास पर सामग्री प्रदर्शित की गई है, जिसमें सिंधु-सरस्वती सभ्यता से लेकर 2019 तक लगभग 7000 वर्षों के लोकतांत्रिक लोकाचार को प्रदर्शित किया गया है।

**56. सितंबर, 2023 में ''आयुष्मान भवः अभियान'' का शुभारंभ किस स्थान से किया गया?**

(a) नई दिल्ली
(b) गांधीनगर
(c) भोपाल
(d) जयपुर

उत्तर–(b)